तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 22 मई 2025

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

11 ससुर ने बहू की करायी दूसरी शादी, निभाया पिता...

12 देश में संचार क्रांति और 21वीं सदी के स्वप्नदृष्टा...

खबर संक्षेप

वट सावित्री व्रत 26 मई को

खरोरा। प्रत्येक ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को उत्तर मध्य भाग में सुहागिनों द्वारा वटसावित्री व्रत किया जाता है। इस वर्ष 26 मई सोमवार को वटसावित्री व्रत मनाया जाएगा। पुराणों में कहा गया है कि वट वृक्ष की जड़ों में ब्रह्मा, तने में प्रभु विष्णु और डालियों के पत्तों में शिवजी का वास होता है। इस व्रत में महिलाएं वटवृक्ष की पूजा करती है। जड़ में 108 बार जल अर्पण कर चंदन बंदन हुंम, धूप, दीप नैवेद्य से पूजा करते हैं और 108, 51, 21, 11, 8 बार बटवृक्ष में कलावा या कुंवारी धागा लपेटते हैं। प्रत्येक फेरे में भीगा चना, दाल या एक चना की दाना एक पात्र में डाले जाते हैं। बाद में उसे प्रसाद के साथ वितरण किया जाता है। इस व्रत को करने से स्त्रियों का सुहाग अखंड और अजरअमर बना रहता है।

दो आदतन अपराधियों का जिला बदर

बलौदाबाजार। जिले में वर्तमान कानून व्यवस्था को देखते हुए कलेक्टर दीपक सोनी ने पुलिस प्रशासन से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर दो आदतन अपराधियों को एक वर्ष के लिए जिला बदर के आदेश जारी किया है। आदेश के तहत थाना भाटापारा शहर अंतर्गत नयापारा वार्ड भाटापारा निवासी सागर पिता संतोष धीवर एवं थाना कसडोल पुलिस चौकी सोनाखान अंतर्गत ग्राम महकम निवासी रामजी सागर पिता केजूराम सागर को जिला बदर किया है। उक्त कार्रवाई छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3, 5 ख के तहत किया गया है, जिसमें 1 वर्ष के कालावधि के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा जिले एवं उसके सीमावर्ती जिले बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, महासमुंद, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, सक्ति, बेमेतरा एवं सारंगढ़- बिलाईगढ़ जिलों की सीमाओं से आदेश पारित होने 24 घंटे के भीतर हटने एवं बाहर चले जाने के आदेश दिए हैं।

समाधान शिविरों में खानापूर्ति का आरोप

पिथौरा (ग्रामीण)। सुशासन के नाम पर विकासखण्ड में आयोजित हो रहे समाधान शिविरों को लेकर कांग्रेस जिला मीडिया प्रभारी मोती जांगड़े ने गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन शिविरों में केवल खानापूर्ति की जा रही है और जनता को सिर्फ आश्वासन देकर टरकाया जा रहा है। जांगड़े ने बताया कि शिविरों में दिखावे के लिए मंच पर केवल चुनिंदा विभागों के अधिकारियों को बुलाया जा रहा है।

आगजनी : फायर ब्रिगेड ने घंटों मशक्कत कर पाया आग पर काबू

फ्रिज का कंप्रेशर फटने से घर में लगी भीषण आग, करोड़ों की क्षति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शहर के गौरव पथ स्थित एक आवास में तड़के सुबह भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही पलों में पूरा मकान उसकी चपेट में आ गया। घटना में करोड़ों रुपए के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। हालांकि समय पर परिवार के जाग जाने से बड़ी जनहानि टल गई।

जानकारी के अनुसार, डॉ. केएस बाजपेयी के निवास पर बुधवार सुबह लगभग 4.30 बजे यह हादसा हुआ। डॉ. बाजपेयी ने बताया कि उनकी तार जलने की दुर्गंध से नींद खुली। जैसे ही वे उठे, उन्होंने ड्राइंग रूम में

धुआं भरा देखा और फ्रिज से आग की लपटें उठती पाईं, तुरंत उन्होंने अपने बच्चों और परिवार को सुरक्षित बाहर निकाला और फायर कंट्रोल रूम को सूचना दी। आग पर काबू पाने नगर से दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर नियंत्रण पाया, लेकिन तब तक घर का अधिकांश सामान जलकर राख हो चुका था। घर में रखे घरेलू गैस सिलेंडरों को भी समय रहते बाहर निकाला गया, अन्यथा स्थिति और भयावह हो सकती थी। फायर ब्रिगेड कर्मी जितेंद्र कुर्रे ने बताया "सूचना मिलते ही हमारी टीम मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि आग फ्रिज के कंप्रेशर फटने से लगी। ग्रीष्मकाल के दौरान इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में तापमान बढ़ने से इस तरह की घटनाएं हो सकती हैं। नागरिकों से अपील है कि फ्रिज और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की समय-समय पर जांच और मेंटेनेंस ▶▶ शेष पेज 10 पर

रजिस्ट्री में क्रांतिकारी सुधार से समय, शक्ति और धन की होगी बचत : राजस्व मंत्री वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- पंजीयन प्रक्रिया में 10 नवाचारों पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला सम्पन्न

राज्य सरकार द्वारा पंजीयन प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और जनहितैषी बनाने के उद्देश्य से रजिस्ट्री में लागू किए गए 10 क्रांतिकारी सुधारों के संबंध में बुधवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने इन सुधारों को जनसामान्य के लिए अत्यंत लाभकारी बताया।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर की गई। इसके उपरांत पंजीयन विभाग में हाल ही में लागू 10 जनोपयोगी सुधारों की विस्तृत जानकारी दी गई और उन पर व्यापक चर्चा हुई।

कार्यक्रम में मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने पंजीयन प्रक्रिया को सरलीकृत करने के लिए उल्लेखनीय पहल की है। अब रजिस्ट्री के साथ ही नामांतरण की प्रक्रिया स्वतः पूरी हो जाएगी। इससे आम जनता विशेषकर किसानों और भूमिस्वामियों का समय, शक्ति और धन बचेगा। साथ ही यह सुधार फर्जीवाड़ा और भ्रष्टाचार पर नियंत्रण में भी प्रभावी सिद्ध होगा।

मंत्री वर्मा ने यह भी बताया कि अब राजस्व अभिलेखों की त्रुटि सुधार का अधिकार तहसीलदार को दिया गया ▶▶ शेष पेज 10 पर

दो ट्रेलर और कार की भिड़ंत में चालक जिंदा जला, पांच घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडी

रायपुर-बलौदाबाजार मुख्य मार्ग पर बुधवार रात करीब 9 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इसमें दो ट्रेलरों की आमने-सामने टक्कर हो गई और एक इको कार ट्रेलर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार में आग लग गई और उसमें सवार ड्राइवर जिंदा जल गया। मृतक की पहचान सेवक साहू निवासी गोंडा के रूप में हुई है।

घटना पलारी थाना क्षेत्र के संडी-कोदवा के बीच की है। जानकारी के अनुसार एक ट्रेलर रायपुर से बलौदाबाजार की ओर जा रहा था, जबकि दूसरा ट्रेलर बलौदाबाजार से रायपुर की ओर आ रहा था। आमने-सामने की भिड़ंत के बाद पीछे से आ रही इको कार भी एक ट्रेलर से जा भिड़ी और उसमें आग लग गई। कार में बैठे अन्य यात्री किसी तरह बाहर निकाले गए, जो गंभीर रूप से घायल हैं। हादसे में दोनों ट्रेलर के चालक भी घायल हुए हैं। सभी घायलों को रायपुर रेफर किया गया है। हादसे के बाद सड़क के दोनों ▶▶ शेष पेज 10 पर

खनिज विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई से माफियाओं में मची हड़कंप

रेत का अवैध परिवहन : 23 वाहन जब्त 10 दिन में 100 गाड़ियों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

खनिज विभाग और गिधपुरी पुलिस की संयुक्त टीम ने अवैध रेत परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 23 वाहनों (17 ट्रैक्टर व 6 हाईवा) को जब्त किया है। यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है, जब इस सीजन में अब तक 541 वाहनों पर मामले दर्ज किए जा चुके हैं और 4.5 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला गया है। थाना प्रभारी गोपाल धुर्वे ने बताया कि इस संयुक्त कार्रवाई में 23 वाहनों को बिना रॉयल्टी दस्तावेजों के रेत ढोते हुए पकड़ा गया। उन्होंने कहा, हम लगातार अवैध परिवहन के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं।

- 541 वाहनों पर चालानी कार्रवाई से 45 करोड़ की वसूली

जिला खनिज अधिकारी कुंदन बंजारे ने बताया कि पिछले 1 सप्ताह में 100 गाड़ियों पर कार्रवाई की गई है, और इस साल कुल 541 वाहनों पर अवैध परिवहन की कार्रवाई की गई है। इसके अलावा, अवैध खनन के 99 मामले, अवैध भंडारण के 9 मामले दर्ज किए गए हैं, जिससे करीब 2 करोड़ रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। वहीं, पट्टेदारों से 2.5 करोड़ रुपये का अर्थदंड वसूला गया है, जिन्होंने शर्तों के तहत काम नहीं किया।

सूचना लीक होने से पहले विभाग चौकन्ना

इस बार विभाग ने सूचना लीक रोकने के लिए कड़े कदम उठाए है। जिला खनिज अधिकारी कुंदन बंजारे ने बताया, जब भी कार्रवाई टीम निकलती है, कर्मचारियों के मोबाइल जमा कर लिए जाते हैं। अगर किसी के परिवार का कोई जरूरी कॉल आता है, तो उसे संबंधित अधिकारी के नंबर पर डायवर्ट कर दिया जाता है। इसका नतीजा यह रहा कि इस बार तस्करों को पूर्व सूचना नहीं मिल पाई और कई वाहन पकड़े गए। हालांकि, कुछ ड्राइवरों ने ग्रामीण इलाकों के रास्तों का इस्तेमाल कर भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस की निगरानी ने उन्हें चपेट में ले लिया।

गिधपुरी में जांच नाका लगाने की मांग

स्थानीय विधायक और ग्रामीणों ने सड़क पर बढ़ते दबाव और सड़क हादसों के चलते आरंग ब्लॉक से आने वाले अवैध रेत गाड़ियों की जांच कर उन पर कार्रवा करने की मांग की है। उनका कहना है कि जांच नाका लगाने से जिले के बाहर से हो रही रेत तस्करी भी बंद हो जाएगी।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
माह जून 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
नोट : 1 जून से 30 जून तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो
अपना फॉर्मेट भरकर 25 मई 2025 तक जमा कर सकते हैं।
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार 2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार 1100
कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____
नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।
हरिभूमि — ग्राहक प्रति — जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____

खबर संक्षेप

युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

महासमुंद। छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी के शहादत दिवस एवं पहलगाम हमले में शहीद हुए आमजनों की स्मृति में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन जिलाध्यक्ष अमन चन्द्राकर के नेतृत्व में शासकीय जिला अस्पताल महासमुंद में किया गया। रक्तदान शिविर में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं रक्तदान किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आकाश निषाद, कुणाल चन्द्राकर, सौरभ लोधी, अक्षय साकरकर, पुष्पेन्द्र, गुलशन साहू, परमानंद साहू, चन्द्राकर, मोंटी, संजय, सुरेन्द्र,राजा, टकेश, प्रकाश, उत्तम, गुमान आदि मौजूद रहे।

शिक्षक पद समाप्ति से आक्रोशित छात्र, कहा- प्रयोगशाला ना बनाएं

रायपुर। शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण, 35 हजार शिक्षक पदों की समाप्ति सहित 4000 शासकीय विद्यालयों को बंद करने को लेकर एनएसयूआई ने अपना विरोध दर्ज कराया है। अपनी मांग लेकर एनएसयूआई पदाधिकारी मंत्रालय पहुंचे। यहां उन्होंने लोक शिक्षण संचालनालय में विरोध दर्ज कराया। इस दौरान पदाधिकारियों ने कहा, छत्तीसगढ़ में शिक्षा को व्यवस्था नहीं, प्रयोगशाला बना दिया गया है। शिक्षक पद समाप्त करना और स्कूल बंद करना सीधे तौर पर शिक्षा के अधिकार पर हमला है। यह निर्णय प्रदेश के गरीब, ग्रामीण और पिछड़े वर्ग के बच्चों से उनकी बुनियादी शिक्षा छीनने जैसा है।

रोड एक्सीडेंट में घायलों को मिलेगा अब डेढ़ लाख रुपए तक निशुल्क उपचार

रायपुर। रोड एक्सीडेंट में घायलों को अब अपने इलाज के लिए डेढ़ लाख रुपए तक निःशुल्क उपचार की सुविधा मिलेगी। इस संबंध में अंतर्विभागीय लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष संजय शर्मा ने इस संबंध में आदेश जारी कर प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों, जिला सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्षों एवं पुलिस अधीक्षकों के नाम पत्र लिखा है।
अंतर्विभागीय लीड एजेंसी के अध्यक्ष द्वारा जारी किए गए इस पत्र में कहा गया है कि 5 मई 2025 से प्रवृत्त सड़क दुर्घटना पीड़ितों का नकदी उपचार स्कीम 2025 की प्रभावशीलता के साथ मोटरयान के प्रयोग से सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों की दुर्घटना की तारीख से सात दिनों के दौरान किसी भी अस्पताल में वह अपना इलाज डेढ़ लाख रुपए तक निःशुल्क करा सकता है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि कि इन बिंदुओं के अनुसार नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाए। इस स्कीम के लिए इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डेटा बेस (आईआरएडी) पोर्टल मददगार होगा।

आफत: कई जगहों पर बिजली तार गिरे, देर रात तक सुधारने में जुटे रहे कर्मी

आंधी- बारिश के बाद रातभर अंधेरे में डूबा शहर जनजीवन प्रभावित, पेयजल संकट भी गहराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाज़ार

सोमवार देर शाम आई आंधी और बारिश से जहां तापमान में गिरावट आई, वहीं विद्युत आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। पूरे नगर एवं आ स पा स के ग्रामीण क्षेत्रों में बि ज ली रातभर गुल रही। लोगों को भीषण गर्मी में बिना पंखे, कूलर और पानी के परेशानियों का सामना करना पड़ा। बारिश और तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर विद्युत तार टूट गए, जिससे आपूर्ति बाधित हो गई। कई क्षेत्रों में मंगलवार सुबह तक भी बिजली बहाल नहीं हो पाई थी। इससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। पेयजल संकट भी गहराया रहा। नागरिकों ने प्रशासन और बिजली विभाग से मांग की है कि इस तरह की बार-बार होने वाली समस्याओं का स्थायी समाधान निकाला जाए ताकि सामान्य जनजीवन बाधित न हो।

- थोड़ी देर मिली राहत, फिर रातभर लोग रहे हलाकान

व्यापारी और नागरिकों ने जताई नाराज़गी

स्थानीय व्यापारी तामेश्वर साहू ने कहा कि बिजली की आँखमिचौली से हमारा रोजाना का व्यापार प्रभावित हो रहा है। खासकर रात में तो पिछले तीन-चार दिनों से बिजली ना के बराबर है। दिन में बिजली आती है, पर भरोसे लायक नहीं रहती। प्रशासन को इस समस्या को गंभीरता से लेना चाहिए। वार्ड क्रमांक 04 निवासी गजेन्द्र देवांगन ने बताया कि गर्मी में बिना बिजली के बच्चों और बुजुर्गों को बहुत दिक्कत होती है। पंखा, कूलर सब बेकार हो जाते हैं। रात में नींद नहीं आती, ऊपर से पानी की मोटर भी नहीं चलती, जिससे किल्लत हो जाती है। युवा व्यवसायी विकास पुरुषवानी ने कहा कि अब हालत ये हो गई है कि हल्की सी बारिश होते ही घंटों तक बिजली गुल हो जाती है। घर, दुकान या अस्पताल हर जगह कामकाज रुक जाता है। बिजली कम और बिल ज़्यादा आता है, ऐसे में हम जनता कहां जाएं?

शिकायत के लिए दिया गया नंबर भी रहा बंद

जब नागरिकों ने हेल्पलाइन पर संपर्क करने की कोशिश की तो वह नंबर भी बंद मिला। इससे लोगों की नाराजगी और बढ़ गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि विद्युत विभाग की ओर से मेंटेनेंस के नाम पर दिनभर 5-7 घंटे बिजली बंद कर दी जाती है। लेकिन बारिश के समय कोई तैयारी नहीं रहती।

कई जगहों पर बहाल की गई आपूर्तिः अधीक्षण अभियंता

अधीक्षण अभियंता बलौदाबाजार-भाटापारा जी.पी. अनंत ने बताया कि सोमवार शाम अचानक आए तूफान और बारिश के कारण विद्युत आपूर्ति लाइन में कई स्थानों पर तकनीकी क्षति हुई है। विभाग की टीमें तुरंत सक्रिय कर दी गई थीं। अंधेरे में भी मरम्मत कार्य कराया गया। कुछ क्षेत्रों में रात में ही बिजली बहाल कर दी गई थी। अन्य क्षेत्रों में मंगलवार सुबह तक आपूर्ति बहाल की गई। हम उपभोक्ताओं को असुविधा से बचाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। भविष्य में ऐसी स्थितियों से निपटने के लिए विभागीय तैयारियों को और मजबूत किया जाएगा।

रोज रंग बदल रहा मौसम सुबह धूप तो दोपहर बाद आसमान में बादलों का डेरा

लवन। आजकल मौसम का मिजाज सुबह शाम बदल रहा है। कभी तेज धूप रहती है तो कहीं बादल छा जाते हैं। उमस भरी गर्मी और तेज धूप से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। कुछ दिनों से आसमान में बादलों की आवाजाही देखी जा रही है परंतु बारिश नहीं हो रही है। जिले के कुछ क्षेत्रों में कहीं कहीं बूंदाबादी व हल्की बारिश हुई है लेकिन यह राहत की जगह और समस्या बढ़ा रही है। मानसून के सक्रिय होने में अभी समय लग सकता है। मई महीने का दूसरा पखवाड़ा चल रहा है, गर्मी से राहत नहीं मिली है। आगामी दिनों में नौतपा भी शुरू होने वाले हैं। बढ़ती गर्मी और उमस से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। आमजन जीवन प्रभावित हो गया है, लोग डिहाइड्रेशन के शिकार हो रहे हैं। अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है।

अस्पतालों में मरीजों की औसतन संख्या बढ़ी

डिहाइड्रेशन से बचने अधिक पानी पीने की सलाह डॉक्टरों द्वारा दी जा रही है। विशेषकर बुजुर्ग और बच्चों पर इसका खासा असर दिखाई दे रहा है। उमस के के कारण मौसमी बीमारियां बढ़ने लगी है। खासकर वायरल इंफेक्शन, मौसमी बुखार के साथ डायरिया के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। उमस भरी गर्मी से रात में भी राहत नहीं मिल पा रही है। इस भीषण गर्मी में कूलर व पंखे की हवा भी लू की तरह निकल रही है। बिस्तर तक इतने गर्म हो जा रहे हैं कि उस पर लेटने की हिम्मत नहीं हो रही है। मौसम साफ रहने पर सूर्य की उष्ण किरणें झुलसाने लगती है। डाक्टरों का कहना है कि उमस भरी गर्मी में खानपान पर लापरवाही बरतने से भी लोग मौसमी बीमारियों का शिकार होने से सर्दी, खांसी, बुखार, डायरिया, टायफाइड से पीड़ित मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। सरकारी के साथ साथ निजी क्लीनिक में भी ऐसे मरीजों की तादाद इन। इन दिनों काफी बढ़ बढ़ गई है।

आत्मानंद विद्यालय में दो तारामंडल डोम का प्रदर्शन

रोहांसी। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रोहांसी में विद्यार्थियों के लिए एक अनूठा अनुभव आयोजित किया गया। इसमें O2 तारामंडल डोम का प्रदर्शन किया गया। यह आयोजन जिला प्रशासन के निर्देश, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय के मार्गदर्शन तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी नरेश कुमार वर्मा के सहयोग से संपन्न हुआ।

इस तारामंडल डोम के माध्यम से छात्रों ने ब्रह्मांड, ग्रहों, तारों, और आकाशगंगा से जुड़ी रोचक जानकारियां 3D रूप में देखीं और जाना। बच्चों ने आभासी अंतरिक्ष यात्रा का रोमांचकारी अनुभव लिया और वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहन मिला।

विद्यालय के प्राचार्य व शिक्षकों ने बच्चों को विज्ञान के क्षेत्र में रुचि विकसित करने हेतु इस तरह की गतिविधियों की सराहना की। विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखा गया और उन्होंने इस कार्यक्रम को अत्यंत ज्ञानवर्धक बताया। इस तरह के कार्यक्रमों से छात्रों में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति जागरूकता और जिज्ञासा दोनों बढ़ती है, जो आने वाली पीढ़ी के वैज्ञानिकों को तैयार करने में सहायक सिद्ध होगी।

27 किलो गांजा जब्त आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर ग्राम छड़िया में एक व्यक्ति के कब्जे से 27 किलो से अधिक गांजा जब्त किया है। वहीं आरोपी के खिलाफ नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई कर उसे गिरफ्तार किया है। पुलिस गांजे का सिंडीकेट चलाने वाला मुख्य आरोपी की तलाश में है।

20 मई को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना खरोरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम छड़िया में एक व्यक्ति अपने पास गांजा रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहा है। एण्टी क्राइम एण्ड साइबर यूनिट तथा थाना खरोरा पुलिस की संयुक्त टीम उक्त स्थान पर पहुंची और मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति की पतासाजी करते हुये उसे पकड़ा। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम मोहन सिंग कोशले उर्फ राकेश निवासी ग्राम छड़िया खरोरा का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें बोरी की तलाशी लेने पर बोरी में गांजा रखा होना पाया गया।

पुलिस ने आरोपी 40 वर्षीय मोहन सिंग को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 27.894 किलो गांजा कीमत लगभग 4,18,410 रुपए जब्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना खरोरा में धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की है।

बताया गया है कि आरोपी खपरी में काम पर जाता है और आर्थिक रूप से बहुत कमजोर है, दो दिन पूर्व खपरी के ही किसी व्यक्ति ने उसे गांजा की बोरी घर पर रखने दी और उसके लिए उसे कुछ रूपए भी दिए, पैसों के लालच में उसने वह बोरी अपने घर पर रख ली, जिसे वह खपरी निवासी दो दिनों में ले जाने वाला था। वहीं इसी बीच पुलिस ने इसे पकड़ कार्रवाई भी कर दी। वहीं पुलिस द्वारा जारी बयान अनुसार वह गांजा सिंडीकेट के मुख्य सरगना की तलाश में है।

सभी पीड़ीएस दुकानों में एक मुश्त मिलेगा तीन माह का चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राज्य शासन द्वारा सार्वजानिक वितरण प्रणाली अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, छत्तीसगढ़ खाद्य और पोषण सुरक्षा अधिनियम एवं मु ख य मं त्र ी खाद्यान्न सहायता योजना के राशन कार्डधारी परिवारों क़ो माह जून से अगस्त तक राशन सामग्री आवंटन का भंडारण एवं वितरण के निर्देश दिये गए हैं। सभी राशनकार्डधारियों क़ो माह जून से अगस्त तक पात्रता अनुसार चावल क़ा वितरण माह जून में एकमुश्त किया जाएगा। माह जून से अगस्त तक एक मुश्त राशन मिलने से बारिश के मौसम में लोगों क़ो भटकना नहीं पड़ेगा।

- बारिश के मौसम में राशन की चिंता से मिलेगी मुक्ति
- जून से जुलाई तक का चावल 31 मई तक भण्डारण करने के निर्देश

आवंटन अनुरूप चावल का भण्डारण उचित मूल्य दुकानों में 31 मई तक अनिवार्य रूप से पूर्ण कराए जाने एवं तीन महीने का चावल 30 जून तक वितरण कराने के निर्देश दिये गए हैं। चावल क़ो छोड़कर अन्य खाद्यान्न सामग्री का भण्डारण एवं वितरण नान में स्टॉक की उपलब्धता के आधार पर माह जून से अगस्त के दौरान प्रति माह पृथक - पृथक जारी आवंटन अनुसार भण्डारण एवं वितरण किया जाएगा। तीन माह का चावल वितरण हेतु सभी उचित मूल्य दुकानों में चावल उत्सव का आयोजन किया जाएगा। दुकान स्तर की निगरानी समिति के समक्ष हितग्राहियों क़ो चावल एवं अन्य राशन सामग्री क़ा वितरण किया जाएगा।

कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले के सभी शासकीय मूल्य दुकानों में 3 माह का चावल भण्डारण हेतु पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश खाद्य विभाग के अधिकारियों क़ो दिये हैं।

सपोस में समाधान शिविर का आयोजन, 3895 में से 3857 आवेदनों का हुआ त्वरित निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

सुशासन तिहार के अंतर्गत जनपद पंचायत पिथौरा के ग्राम सपोस में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सेक्टर से जुड़े 15 ग्राम पंचायतों से प्राप्त कुल 3895 आवेदन पत्रों में से 3857 का त्वरित निराकरण किया गया। शेष 38 आवेदन शासन स्तर से संबंधित होने के कारण प्रक्रियाधीन हैं।

शिविर में बसना विधानसभा के विधायक डॉ. संपत अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ जनपद अध्यक्ष उषा धृतलहरे, उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद पटेल, जिला पंचायत सदस्य रामदुलारी सिन्हा, जनपद सदस्य कंवलजीत सिंह छाबड़ा, पुरुषोत्तम धृतलहरे, पूर्व जनपद अध्यक्ष सतपाल सिंह छाबड़ा, सरपंच संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष सीताराम सिन्हा, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरप्रसाद पटेल (अम्बू), विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा एवं निज सचिव नरेंद्र बोरे भी उपस्थित थे। अतिथियों ने विभागीय स्टॉलों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजन-अर्चन के साथ हुआ। उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन गांव-गांव तक पहुंच रहा है। अब आम जनता को सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, समस्याओं का त्वरित निराकरण हो रहा है। समाधान शिविर में विभिन्न विभागों ने हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया। समाज कल्याण विभाग द्वारा मायावती यादव, इंद्रजीत साहू, बिहारी विशाल, सतपती बरिहा, रूपसिंह पटेल एवं प्रेमलाल कलेत को पेंशन स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक सशक्तिकरण के लिए बैंक लोन वितरित किए गए। इस अवसर पर विधायक अग्रवाल ने मां गौरियापाठ एवं मां लोहरीनबाई महिला समूह को 6-6 लाख रुपए, जागृति, प्रगति, जय मां गंगा व राधे महिला समूहों को 2 से 3 लाख रुपए के चेक प्रदान किए। साथ ही 20 लखपति दीदियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर में 11 हितग्राहियों को राशन कार्ड वितरित किए गए तथा ग्राम सपोस की बालिका लक्ष्मी चौहान को नोनी सुरक्षा योजना का लाभ प्रदान किया गया। राजस्व विभाग द्वारा लोहराकोट के 16 हितग्राहियों को भू-स्वामित्व योजना के अंतर्गत अधिकार अभिलेख वितरित किए गए। वहीं आदिवासी विकास विभाग द्वारा अनसुला, श्रीमुखो एवं सनवा के हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में ग्राम सपोस सरपंच किशोरचंद्र बघेल सहित क्षेत्र के अन्य सरपंच, जनप्रतिनिधि, एसडीएम ओंकारेश्वर सिंह, सीईओ चंद्रप्रकाश मनहर, तहसीलदार नितिन ठाकुर, शिविर प्रभारी रामनारायण पटेल, सह प्रभारी अजय साहू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

नाली, पानी, सड़क, बिजली की मांग को लेकर वार्डवासियों ने सौंपा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जगत विहार कालोनी के रहवासियों ने कालोनी में मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, सड़क, नाली की मांग के छग शासन द्वारा आयोजित सुशासन तिहार के समस्या निवारण शिविर पहुंचकर मांग पत्र सौंपा।

भूपेन्द्र चन्द्राकर ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि महासमुंद के ह्रदय स्थल में स्थित जगत विहार कालोनी को 2020 में विधिवत नगर पालिका द्वारा प्रस्ताव पारित कर वैध कालोनी घोषित किया गया था। जिसके एवज में कालोनी में भवन निर्माण पर अनुमति लेने पर आठ गुना टेक्स लगाकर 40 रुपए प्रति वर्ग फिट विकास शुल्क लेकर उस राशि को कालोनी के विकास में ही खर्च करने के लिए सहमति बनी थी और ऐसा क़ानून भी हैं, लेकिन पालिका द्वारा आज 5 साल बीत जाने के बाद भी

एक ढेले की राशि कालोनी के विकास में नहीं लगाया हैं। कालोनी में मुख्य मार्ग को छोड़ कर सारे मार्ग कच्चे हैं। नाली और पेयजल की सुविधा का आभाव है। कालोनी में भवन निर्माण करने वालों को स्थाई विद्युत कनेक्शन नहीं मिल पा रहा हैं। विद्युत विभाग ट्रांसफार्मर में लोड का हवाला देकर मात्र अस्थाई कनेक्शन देकर अपना पल्ला झाड़ ले रही हैं। कालोनी के रहवासी लाखों रुपए के विकास शुल्क देने के बाद भी अभाव की जिंदगी जीने को मजबूर है। भूपेन्द्र ने आगे कहा कि इससे एक वर्ष पहले भी शासन द्वारा ऐसे ही एक समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें आमजन से समस्या लिखित में लिया गया था, जिसका आज तक समाधान नही हुआ है। सरकार समाधान से समाधान तक तो नही खेल रही है। आज आक्रोशित कालोनीवासियों ने इस विषय पर महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी से चर्चा कर मांग पत्र सौंपा, जिस पर विधायक ने इसे गंभीरता से लेते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं विद्युत विभाग के असिस्टेंट इंजीनियर को मौके पर बुलाकर समझाईश दिए एवं अन्य मांगों को राज्य शासन को भेज कर तत्काल कार्यवाही की बात कही।

पेज 9 के शेष

फ्रिज का कंप्रेशर...

जरूर कराएं।" नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने इस घटना पर चिंता जताते हुए कहा कि बलौदाबाजार में फायर ब्रिगेड की व्यवस्था मजबूत होनी चाहिए। इस संबंध में जल्द ही कलेक्टर और मंत्री से चर्चा कर नगर में स्थायी फायर स्टेशन स्थापित करने की मांग की जाएगी।

रजिस्ट्री में क्रांतिकारी...

है, जिससे काम में तेजी आई है। जिओ रेफरेंसिंग की सहायता से अब सीमांकन भी सहजता से और बिना विवाद के संपन्न हो रहा है। कलेक्टर दीपक सोनी ने कार्यशाला में बताया कि इन सुधारों को जिले की तीन तहसीलों में प्रारंभिक रूप से लागू किया गया है। इससे भूमि की खरीदी-बिक्री, रजिस्ट्री और अभिलेखों के संशोधन में व्यापक सहूलियत मिलेगी। अब रजिस्ट्री के लिए दो गवाहों की आवश्यकता नहीं होगी। आधार आधारित सत्यापन से ही प्रक्रिया पूरी की जा सकेगी। संपत्ति से संबंधित दस्तावेजों की जानकारी 'दस्तावेज ऐप' के माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी।

रजिस्ट्री में लागू 10 प्रमुख सुधार- आधार आधारित सत्यापन से फर्जी रजिस्ट्री पर रोक। रजिस्ट्री दस्तावेजों की खोज एवं सत्यापन की सुविधा। ऑनलाइन भारमुक्त प्रमाण पत्र की उपलब्धता। स्टाम्प एवं रजिस्ट्री शुल्कों का कैशलेस भुगतान। रजिस्ट्री दस्तावेजों का स्वतः निर्माण। डीजी लॉकर सेवाएं। व्हाट्सएप के माध्यम से आवश्यक जानकारी की सुविधा। घर बैठे स्टाम्प सहित दस्तावेज निर्माण। ऑनलाइन रजिस्ट्री की सुविधा और रजिस्ट्री के साथ स्वतः नामांतरण शामिल हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, प्रमोद शर्मा, अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य गणेश सिंह ध्रुव सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

दो ट्रेलर और...

ओर लंबा जाम लग गया। सूचना मिलते ही पलारी पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक घटना के एक घंटे बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची थीं। हादसे में एक ट्रेलर और इको कार पूरी तरह जल गई हैं। प्रशासन ने घटना स्थल पर स्थिति नियंत्रण में कर ली है, लेकिन इस दर्दनाक हादसे ने स्थानीय लोगों को दहला दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खबर संक्षेप

दुर्घटना में घायलों का इलाज होगा कैशलेस

महासमुंद। भाजपा के किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने कि सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को अब इलाज के लिए आर्थिक तंगी का सामना नहीं करना पड़ेगा। केंद्र सरकार ने इसकी व्यवस्था कर दी है। राजपत्र में प्रकाशन कर देशभर के राज्यों में इस निर्देश का पालन करने कहा गया है। घायलों का राज्यों के चुनिंदा अस्पतालों में इलाज किया जाएगा। इलाज कैशलेस होगा। राज्य सरकार इसके लिए अस्पतालों का चिन्हांकन करेगी और जरुरी दिशा निर्देश जारी करेगी। गजट प्रकाशन और दी गई सुविधाओं पर नजर डालें तो प्रत्येक घायलों को केंद्र सरकार द्वारा इलाज के लिए डेढ़ लाख रुपए का लिमिट तय कर दिया है।

इयूटी में लापरवाही के कारण सहायक शिक्षक निलंबित

महासमुंद। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सरायपाली से प्राप्त जांच प्रतिवेदन के अनुसार शासकीय प्राथमिक शाला गहनाखार में पदस्थ सहायक शिक्षक (एलबी) राहुल बैपारी के विरुद्ध लगे आरोप जांच में सही पाए गए हैं। सहायक शिक्षक बैपारी पर विद्यालय समय पर उपस्थित नहीं रहने, शाला में अनियमित रूप से आने तथा अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने के आरोप थे। जांच में यह पुष्टि हुई कि शिक्षक की कार्यप्रणाली छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम-3 के विरुद्ध है। इस संबंध में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा उन्हें पूर्व में स्पष्टीकरण के लिए नोटिस भी जारी किया गया था, परंतु इसके बावजूद उनकी कार्यशैली में कोई सुधार नहीं देखा गया। जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद विजय कुमार लहरे ने प्राप्त तथ्यों के आधार पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के अंतर्गत राहुल बैपारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उनका मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, सरायपाली निर्धारित किया गया है। नियमों के तहत निलंबन अवधि में उन्हें जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली तिरंगा यात्रा

बिरकोनी। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर ग्राम बिरकोनी में तिरंगा यात्रा निकाली गई। सरपंच चंदन चन्द्राकर की अगुवाई में ग्राम पंचायत भवन बिरकोनी में तिरंगा प्रदर्शन किया गया। उन्होंने ने अपने संबोधन में कहा कि यह तिरंगा यात्रा न सिर्फ सैनिकों के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। बल्कि नए भारत की एक झलक भी है।

निधन

सरस्वती धुरंधर

पलारी। नगर के वार्ड 11 निवासी सरस्वती धुरंधर 69 का बुधवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में आत्मियजनों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वे शिक्षक सतीश धुरंधर, राजेश धुरंधर, राकेश धुरंधर की मां थीं।

ससुर ने बहू की करायी दूसरी शादी, निभाया पिता का फर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर

गोपालपुर के साहू समाज ने विधवा विवाह को समाज में सक्ती से पालन करने उठाया कदम

विगत दिनों ग्राम पंचायत गोपालपुर में साहू समाज के प्रमुख पदाधिकारियों एवं सम्मानित लोगों की उपस्थिति में विधवा विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस विवाह समारोह में बड़ी संख्या में आसपास के लोग शामिल हुए और आशीवार्द दिया।

विदित हो कि, बिंदू साहू पिता डा. टेकलाल साहू गोपालपुर निवासी की शादी बिर्रा निवासी अखिलेश पिता सम्मे लाल साहू के साथ हुई थी, लेकिन अखिलेश की मृत्यु हो गई। इस वजह से अखिलेश के पिता सम्मे लाल साहू ने अपने बहू को बेटी समझकर दूसरा विवाह पिता की जिम्मेदारी निभाते हुए पूरे विधि विधान से व सामाजिक रीति रिवाज के साथ कन्या दान कर वर दिलीप पिता भिखम साहू जैजैपुर निवासी को अपना पुत्र मानकर आशीष वचन दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं अपना बेटी और बहू के रूप में आप दोनों को जब भी स्मरण करूंगा तो आप दोनों मुझे दुख सुख में अपना समझ कर ख्याल रखना। यही मेरा आशीर्वाद व सपना है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इस दृश्य को देखकर समाज के लिए यह एक आईना महसूस किया और समाज में उपस्थित लोगों ने बिर्रा निवासी सम्मेलाल साहू को धन्यवाद दिया। सेतु प्रसाद साहू जिला महासचिव ने कहा कि समाज में फैली रूढ़िवाद जैसे अंतिम संस्कार में कफन के लिए कपड़ा देने, विधवा बेटी को मांगलिक कार्यों से दूर रखना एवं तालाब में चुड़ी उतारने की परम्परा को गलत बताया। उपरोक्त सभी कुरूतियों को समाज में सुधार की आवश्यकता बतायी।

इसमें मुख्य रुप से सम्मानीय लोग उपस्थित रहे। तोष राम साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ जिला सारंगढ़- बिलाईगढ़, अशोक साहू जिला कोषाध्यक्ष, सेत राम साहू जिला महासचिव, बिशेषर साहू पूर्व परिक्षेत्र अध्यक्ष साहू समाज, नारायण प्रसाद साहू ग्राम अध्यक्ष, भरत साहू सीएमओ धरमजयगढ़ तथा अन्य समाज से दयाराम खुराना पूर्व सभापति रायपुर, मदनलाल पटेल पूर्व जनपद सदस्य, दादू चन्द्रा अध्यक्ष चन्द्रनाहू समाज, दुलरवा खुटे जनपद सदस्य, सोनी कोयल पूर्व जनपद सदस्य, डीआर टण्डन, बंशी लाल रात्रे, फिरतू यादव एवं गणमान्य नागरिक के मार्गदर्शन में गायत्री विधि विधान से विवाह सम्पन्न हुआ।

सुशासन तिहार : प्रथम चरण में अलग-अलग पंचायतों से प्राप्त हुए थे 7157 आवेदन

समाधान शिविर में शत-प्रतिशत आवेदनों का किया गया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भवानीपुर

विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत भवानीपुर में सुशासन तिहार का आयोजन किया गया। इसमें ग्राम पंचायत खपरी, मलपुरी, गिधपुरी, हरिनभट्ठा, कुची, बोहरडीह, बिजराडीह, देवगांव, तेलासी, मोहान आदि पंचायतों के ग्रामीणों के मांग, शिकायत आवेदन का निराकरण किया गया। इन पंचायत से कुल 7157 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें मांग पत्र आवेदन 7129 व शिकायत आवेदन 29 प्राप्त हुआ।इसमें शिकायत पत्र 0 तथा मांग पत्र 30 लंबित है। समाधान शिविर में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक रायपुर के पूर्व अध्यक्ष योगेश चंद्राकर के साथ भाजपा सदस्यों ने सभी विभागों के स्टाल का निरीक्षण किया और प्राप्त आवेदनों एवं उन पर हुए निराकरणों के विषय में संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। और कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक-एक गारंटी को धरातल पर उतरने का कार्य पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता से कर रहे हैं। भाजपा सरकार जनता से किए गए हर वादे को गंभीरता से लेते हुए उसे पूरा करने में जुटी है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवासहीन परिवारों को घर उपलब्ध कराएंगे, हमारी भाजपा सरकार ने वादे को प्राथमिकता दी है और सरकार बनते ही मख्यमंत्री ने सबसे पहले प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृत दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार लोगों की समस्या का निराकरण उनके घर उनके द्वारा तक पहुंच कर रही है। हमारी सरकार जनता के प्रति जवाबदेह हैं। शिविर में समस्या को ध्यान में रखते हुए अधिकारी समस्याओं का मौके पर ही निपटारा करते हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। इसी वजह से नागरिक शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर पहुंच रहे।

सरकार ने जिन समस्याओं के निदान को लेकर समाधान शिविर की पहल की थी, वह सार्थक हो रही हैं और जनता को त्वरित समाधान मिल रहा है। समाधान शिविर का उद्देश्य समस्याओं को समझना वह जड़मूल से खत्म करना है, ताकि सभी जनता का समाधान हो सके। इस पर विशेष ध्यान दे। सभी विभाग के कर्मचारी समय सीमा के अंतराल जनता का कार्य अवश्य करें। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता विपिन बिहारी वर्मा, एस डी एम पलारी दीपक निकुंज, मुख्य चिकित्सा अधिकार डॉ. बीएस ध्रुव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पलारी पन्ना लाल ध्रुव, नायाब तहसीलदार चुम्मन लाल ध्रुव, अनसूचित जाति प्रदेश उपाध्यक्ष दुर्गा महेश्वर, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष तेजराम वर्मा, किसान मोर्चा महामंत्री ओंकेश्वर वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र साहू, मंडल अध्यक्ष रोहसी विजय कोसले, महिला मोर्चा अध्यक्ष निर्मला रजक, जनपद सदस्य अनुसुइया चंद्राकर सहित अधिकारी-कर्मचारी जनप्रतिनिधि और आसपास के ग्रामीण भारी संख्या में उपस्थित थे।

सुशासन तिहार में योजनाओं से लाभान्वित हुए हितग्राही

भाटापारा। नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत मयूर शिशु मंदिर प्रांगण में सुशासन तिहार कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करते हुए आमजन तक पारदर्शी एवं त्वरित सेवाएं पहुंचाना रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों एवं सुझावों को सुनकर मौके पर ही संबंधित विभागों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों को पोषण किट, किसान क्रेडिट कार्ड, श्रमिक कार्ड, लर्निंग लाइसेंस, पेंशन स्वीकृति पत्र, आयुष्मान कार्ड, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभ सहित अनेक सुविधाएं प्रदान की गईं। गोद भराई एवं अन्नप्राशन संस्कार के माध्यम से मातृ-शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण को प्रोत्साहित करने वाली योजनाओं को भी जनसामान्य के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मौके पर ही हितग्राहियों को प्रमाण-पत्रों का वितरण किया गया, जिससे शिविर की उपयोगिता और प्रभावशीलता सिद्ध हुई।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, सभापति मनीष मिश्रा, गोविंद पटेल, पार्षद नंदू वैष्णव, भुवन ठाकुर, मोंटू ध्रुव, ठाकुर राम साहू, उमाशंकर वर्मा, बब्बू मंधान, चंद्रकांत खुटे, जिला महामंत्री राकेश तिवारी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहन बांधे, कीर्तन जायसवाल, गोपी ध्रुव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं नागरिकगण उपस्थित रहे।

समय-समय पर आयोजित हो ऐसे शिविर- सुशासन तिहार शासन की संवेदनशीलता और जवाबदेही का प्रतीक है। इससे योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक सीधे पहुंचता है और आमजन का प्रशासन पर विश्वास बढ़ता है। जनहित में ऐसे शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि भाटापारा नगर विकास के प्रत्येक आयाम में अग्रसर हो सके।

कसडोल के सुशासन शिविर में कई वार्डों की समस्याओं का हुआ निराकरण

कसडोल। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की महत्वकांक्षी अभियान सुशासन तिहार 2025 के तीसरे चरण अंतर्गत नगर पंचायत कसडोल के वार्ड 11, 12, 13, 14 एवं 15 में प्राप्त मांगों एवं शिकायतों का समाधान करने मंगलवार को नगर पंचायत कसडोल क्षेत्रांतर्गत बजरंग चौक में समाधान शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का प्रारंभ भाजपा मण्डल अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी एवं नपा अध्यक्ष नागेश्वर साहू, पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों ने किया गया। सभी जनप्रतिनिधियों ने मुख्य रूप से सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त मांग एवं शिकायतों पर गंभीरता से त्वरित एवं हरसंभव समाधान करने का आश्वासन दिया। सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों को शासन की महत्वकांक्षी योजनाओं को ध्यान में रखते हुए नागरिकों की समस्याओं एवं मांग का समय पर उचित निराकरण करने की अपील की। सुशासन तिहार 2025 के प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों का दूसरे चरण में निराकरण करने पश्चात सभी विभागों से प्राप्त आवेदनों पर निराकरण की अद्यतन स्थिति की जानकारी पूर्व शिविर अनुसार ही ली गई।

शिविर में वार्ड 11 से 15 में नगर पंचायत को कुल 307 मांग एवं 6 शिकायतें प्राप्त हुए, जिसमें से 200 मांगों एवं 5 शिकायतों का निराकरण किया गया है। शिविर में सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत प्राप्त मांग में से नगर पंचायत कसडोल द्वारा 12 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 41 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के बी.एल.सी. घटक अंतर्गत स्वीकृति पत्र, राजस्व विभाग द्वारा 02 हतग्राहियों को किसान पुस्तिका एवं प्रमाण पत्र, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 8 हितग्राहियों को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रमाण पत्रों का वितरण नगर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदगणों द्वारा किया गया। विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभ प्राप्त होने पर लाभार्थियों द्वारा के चेहरे पर खुशी लहर थी, उनके द्वारा राज्य में सुशासन तिहार आयोजन करने हेतु राज्य शासन व मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया गया। निकाय के इस अंतिम शिविर में सभी विभागों के टीम के साथ-साथ रामरतन दुबे एसडीएम कसडोल, एसडीपीओ कौशलेन्द्र वासनीक थाना कसडोल, तहसीलदार विवेक पटेल उपस्थिति रहे।

कम्प्यूटर क्रांति के जनक को भाटापारा कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

राजीव गांधी संचार युग के अग्रदूत : इन्द्र साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

कांग्रेस भवन में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि शहादत दिवस के रूप में विधायक इंद्र साव की उपस्थित में मनाई गई। इस अवसर पर विधायक साव ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के छायाचित्र पर माल्या अर्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कांग्रेस भवन में उपस्थित विधायक इंद्र साव ने देश के लिए राजीव गांधी द्वारा किए गए कार्यों को याद कर उनका संस्मरण सुनाया। श्री साव ने कहा कि उन्होंने बहुत ही कम उम्र में देश की बागडोर संभाल कर साहसिक फैसला लिए, जिससे भारत देश विकसित देश की ओर अग्रसर हुआ। कंप्यूटर क्रांति के जनक के रूप में सदैव राजीव गांधी को याद किया जाएगा। उन्होंने महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत का आरक्षण लागू करवाया, पंचायती राज व्यवस्था भी राजीव की दूरगामी सोच का परिणाम है, जिसकी वजह से गांव का विकास और उनकी अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हुई।

विधायक इंद्र साव ने कहा कि आज पूरा देश स्व. राजीव गांधी को याद करता है। आधुनिक युग के निर्माता रहे पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी ने अपने दूरदर्शी दृष्टिकोण से आधुनिक भारत की मजबूत नींव रखी। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार और विज्ञान को जन-जन तक पहुंचाते हुए देश को नई बुलंदियां प्रदान की। उनका विजन हमारी नीतियों का मार्गदर्शक है। हम सभी कांग्रेसी स्व. राजीव गांधी के बताए गए मार्ग पर चलने का प्रण लेते हैं। इस अवसर पर ईश्वर सिंह ठाकुर, सुशील शर्मा, अरुण यादव ब्लॉक अध्यक्ष, सतीश अग्रवाल, राजकुमार शर्मा, आलोक मिश्रा, रोशन हबलानी, दिवाकर मिश्रा, सुंदर लाल साहू जनपद सदस्य, चंद्रशेखर चक्रधारी पार्षद, अजय ठाकुर पार्षद, गेन्दू साव पार्षद, ठाकुरराम साहू पार्षद, कामलेश साहू सरपंच दतरेंगी, नारायण जोशी सरपंच टेहका, महेंद्र साहू, सचिन्द्र शर्मा, वैभव केशरवानी, मनमोहन कुर्रे, नवीन बख्स, सत्यजीत शेंडे, मोहन निषाद, राजेन्द्र वर्मा, धनंजय कुमार कुर्रे, बुद्धेश्वर रजक (पिंटू), ओमप्रकाश यदु, पप्पू यदु, रमाशंकर पटेल, उदय साहू, कीरित वर्मा सहित काफी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

मोहरा में महापुराण कथा 22 से

हिरमी-रावन। ग्राम मोहरा में दिवंगत स्व. भागीरती वर्मा एवं संतोष वर्मा की पुण्यतिथि पर श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन 22 से 29 मई तक आयोजित किया गया है। कथा प्रतिदिन दोपहर 3.30 बजे से हरि इच्छा तक संपन्न होगी। कथा का शुभारंभ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष दशमी को वेदी पूजन एवं गोकुल महात्म्य से होगी। इसके पश्चात प्रतिदिन श्रीकृष्ण जन्म, कंस वध, वामन अवतार, प्रहलाद चरित्र, सुतीकथा, रुक्मिणी विवाह एवं श्रीकृष्ण बाल लीला जैसे पावन प्रसंगों की अमृतवर्षा कथा-वाचक द्वारा की जाएगी। कथा का समापन 30 मई को गीता प्रवचन, तुलसी पूजन, हवन, सहस्त्रधारा स्नान एवं वार्षिक श्राद्ध (बरसी) के साथ होगा।
आयोजनकर्ता सनत कुमार वर्मा ने ग्रामवासियों एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर भागवत कथा का पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

समस्याओं का समाधान कर रहे नपाध्यक्ष

महासमुंद। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू वार्डों का सतत भ्रमण कर नागरिकों की समस्याएं सुन रहे हैं। वार्ड क्रमांक 4,17 तथा 18 का भ्रमण कर पेयजल, सफाई, मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। वार्ड क्रमांक 4 में नयापारा के ऊपरी इलाके से पहुंच रही गंदा पानी फैलने की जानकारी नागरिकों ने उन्हें दी, जिस पर तत्काल कर्मचारियों को पानी निकासी की व्यवस्था बनाने निर्देश दिए। उन्होंने नागरिकों की मांगों व समस्याओं को गंभीरता से सुनकर समाधान का आश्वासन दिया।

शनि जयंती पर विशेष पूजा 27 मई को

सरायपाली। नगर के बाजार पारा में स्थित शनि देव मंदिर में ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष अमावस्या पर 27 मई मंगलवार को शनि जयंती एवं मंदिर स्थापना दिवस का 18 वर्षगांठ मनाया जाएगा। प्रातः 9 बजे से शनि प्रसन्न नवग्रह शक्ति हवन पूजन कार्यक्रम रखा गया है।

देश में संचार क्रांति और 21वीं सदी के स्वप्नदृष्टा थे स्व. राजीव गांधी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला कांग्रेस ने राजीव गांधी की पुण्यतिथि आतंकवाद विरोध दिवस के रूप में मनायी

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न स्व.राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि आतंकवाद विरोध दिवस के रूप में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनायी गई। इस अवसर पर स्थानीय गार्डन चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तथा जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उन्हें याद किया गया।

कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने राजीव गांधी को देश में संचार क्रांति का जनक और 21वीं सदी का स्वप्नदृष्टा बताते हुए कहा कि उन्होंने देश को आधुनिक भारत की दिशा में अग्रसर किया। उनके कार्यकाल में युवाओं को 18 वर्ष की आयु में मताधिकार का अधिकार मिला, जिससे देश के लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूती मिली। सभा को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे, कृषक कल्याण परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, जीव-जंतु कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ला, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राकेश वर्मा तथा ब्लॉक अध्यक्ष रूपेश सिंह ठाकुर और विक्रम गिरी ने कहा कि राजीव गांधी ने देश में कंप्यूटर और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाए। उन्होंने पंचायती राज को सशक्त करने के साथ-साथ युवाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी।

श्रद्धांजलि सभा में युवा कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र बंजारे, सेवादल अध्यक्ष संतोष यादव, पार्षद सलमान शेख, ममता सुभाष राव, डिगेश्वरी रविंद्र नामदेव, श्रद्धा वर्मा, सुरेश घृतलहरे, शेखर गुप्ता, मोतीलाल वर्मा, प्रभाकर मिश्रा, संदीप पांडे, अनिल साहू, संतोष तिवारी, सुरेंद्र जायसवाल, कालिंद्री वर्मा, पद्मेश्वरी साहू, समीर अग्रवाल, तिलक कन्नौज, मनोज प्रजापति, लखेश साहू, सुखदेव साहू, देवेंद्र बंजारे, आयुष भतपहरी, गोल्डी मरैया, जय ठाकुर, भूपेंद्र सेन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।ल, तिलक कन्नौज, मनोज प्रजापति,लखेश साहू ,सुखदेव साहू, देवेंद्र बंजारे, आयुष भतपहरी ,गोल्डी मरैया ,जय ठाकुर, भूपेंद्र सेन सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

सुशासन तिहार : करमदा शिविर में 1786 हितग्राही योजनाओं से हुए लाभान्वित

लोगों की समस्या सुनने व निराकरण करने का माध्यम है समाधान शिविर : राजस्व मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत करमदा में बुधवार को आयोजित समाधान शिविर में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा शामिल हुए। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 1786 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में 10 गांव के लोग शामिल हुए। कुल प्राप्त 2298 आवेदनों में 2276 मांग एवं 22 शिकायत से सम्बधित थे।

कार्यक्रम मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित शिविर में मुख्यमंत्री सहित मंत्री, अधिकारी गांव में पहुंचकर लोगों की समस्या सुन रहे हैं और समाधान भी कर रहे हैं। शिविर में अधिकारी आपके द्वारा दिये गए आवेदन के निराकरण की जानकारी दे रहे हैं, इसके साथ ही पात्रता अनुसार हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित भी किया जा रहा है। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार तेजी से विकास कार्य कर रही है, जिससे सरकार के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी के तहत हमारी सरकार ने सभी वायदे पूरा किया है। प्रधानमंत्री आवास

योजना के तहत पक्के मकान का सपना पूरा हो रहा है, महतारी वंदन से नारी सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में खेल सुबिधाओं व सड़क विस्तार में तेजी से काम किया जा रहा है।

राजस्व मंत्री ने नगरपालिका बलौदाबाजार के नगर भवन में आयोजित समाधान शिविर में भी शामिल हुए और हितग्राहियों को विभिन्न योजना के तहत सामग्री वितरित किया।

विकास कार्यों का भूमिपूजन-राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने नगरपालिका बलौदाबाजार अंतर्गत हाउसिंग बोर्ड कालोनी में लगभग 66 लाख रुपये के विकास कार्यो का भूमि पूजन किया। इसमें नाली निर्माण, सी सी रोड निर्माण, स्ट्रीट लाईट व गार्डन विकास सम्मिलित हैं।

इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, जिला पंचायत सदस्य गीता डोमन वर्मा, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, सरपंच सरस्वती वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

समाधान शिविर में ट्रायसिकल, श्रवण यंत्र आयुष्मान कार्ड व ऋण पुस्तिका का वितरण

खरोरा। ग्राम गनियारी में सुशासन तिहार के तृतीय चरण में समाधान शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में महिला बाल विकास विभाग द्वारा अन्नप्राशन एवं गोदभराई संस्कार का आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न किया गया। विधायक अनुज शर्मा एवं जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल द्वारा बच्चों को खीर खिलायी गई। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 35-35 हजार का चेक प्रदान किया गया। पात्र हितग्राहियों को ट्रायसिकल, श्रवण यंत्र तथा आयुष्मान कार्ड व ऋण पुस्तिका का वितरण किया गया। परिवहन विभाग द्वारा हाईटेक नंबर का आनलाइन पंजीकरण नये ड्राइविंग लायसेंस व नवीनीकरण का कार्य देर रात चलता रहा। इस अवसर पर जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष दुलारी सुरेन्द्र वर्मा जनपद सदस्य गण शिवशंकर वर्मा, मुकेश भारद्वाज सरपंच संघ के अध्यक्ष अभिषेक वर्मा सरपंच जितेंद्र चन्द्राकर ग्राम असौदा, संतोषी राजेन्द्र निर्मलकर ग्राम गनियारी सरपंच, दुष्यंत साहू सरपंच बिठीया, देवेंद्र वर्मा सरपंच तुलसी सहित प्रमुख ग्रामीणों में औकार साहू, भागरथी वर्मा दिलीप शर्मा, गिरधारी यादव, सहित काफी संख्या में आसपास के ग्रामीणजन उपस्थित थे।

संवाद से समाधान तक नगर भवन में हुआ भव्य आयोजन

बलौदा बाजार। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत "संवाद से समाधान" कार्यक्रम का आयोजन बलौदाबाजार नगर भवन में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा रहे। उनके साथ नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, सनम जांगड़े भी मंचासीन रहे।
कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता देकर प्रदेश के समग्र विकास की दिशा में कार्य कर रही है। शासन की मंशा है कि हर नागरिक तक योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचे और उनकी समस्याओं का शीघ्र निराकरण हो। पूर्व विधायक सनम जांगड़े ने अपने वक्तव्य में छत्तीसगढ़ सरकार को जनहितैषी बताते हुए विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी साझा की। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि नगर क्षेत्र में निरंतर विकास कार्यों की गति तेज हुई है, और मंत्री के सहयोग से शीघ्र ही ट्रांसपोर्ट नगर की भी स्थापना होगी।
कार्यक्रम में हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से संबंधित प्रमाण पत्र व सामग्री वितरित की गई। समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को बैसाखी एवं व्हीलचेयर प्रदान की गई। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 34 हितग्राहियों को आवास प्रमाण पत्र सौंपे गए। खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड वितरित किए गए और खेल विभाग की ओर से खिलाड़ियों को क्रिकेट किट प्रदान की गई।
कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ व माला से स्वागत किया गया। मंच पर वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केशरवानी, योगेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष जितेंद्र माहले, पार्षदगण एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।
इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अतिथियों ने निरीक्षण किया और योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में शिक्षा, खेल, समाज कल्याण, नगर विकास व अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सुशासन तिहार में नागरिकों द्वारा दिए गए आवेदन पत्रों के शत-प्रतिशत निराकरण का भी आश्वासन अधिकारियों द्वारा दिया गया।

समर कैम्प में बच्चों ने बनाया एयरोमॉडल्स खेल मंत्री ने किया छात्रों का उत्साहवर्धन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

- जिले में पहली बार समर कैम्प के दौरान हुआ प्रशिक्षण का आयोजन

बलौदाबाजार के आउटडोर स्टेडियम में आज एक अनोखे एयर शो ने शहरवासियों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया जिसके साक्षी खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंकराम वर्मा भी बने। श्री वर्मा ने स्कूली बच्चों द्वारा निर्मित एयरमॉडल शो का अवलोकन कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रदेश में पहली बार बलौदाबाजार में समर कैम्प के दौरान इस तरह का प्रशिक्षण का आयोजन होने पर खेल मंत्री ने इसकी सरहाना की।

जिला प्रशासन द्वारा आयोजित समर कैम्प में 18 मई से 21 मई तक जिले के 7 पीएम श्री स्कूलों में 200 बच्चों को ऐरोमोडलिंग का प्रशिक्षण दिया गया। चेन्नई से आई संस्था के 10 इंजीनियरियों ने छात्र छात्राओं को तीन दिनों तक प्रशिक्षण दिया।खेल मंत्री ने इस प्रयास की सरहाना की और वर्कशॉप में शामिल बच्चों क़ो बधाई और शुभकामनायें दीं। उल्लेखनीय है कि समर कैंप में बच्चों के लिए विज्ञान और तकनीक से जुड़ी कई

विशेष गतिविधियां भी शामिल की गई हैं इनमें रोबोटिक क्लास, एयरोमॉडलिंग, रोमांचक एयर शो, 3डी पेंटिंग और ड्रोन उड़ाने का प्रशिक्षण शामिल है। समर कैंप में बच्चों की जिज्ञासा बढ़ाने के उद्देश्य से प्लानिटोरियम की भी विशेष व्यवस्था की गई है। यहां 20 मिनट के शो के जरिए बच्चे सूर्य ग्रहण, चंद्र ग्रहण, तारामंडल की संरचना जैसी आकाशीय घटनाओं को आसानी से समझ पा रहे हैं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय सहित अन्य अधिकारी एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

ब्लाक में चलाया जाएगा विकसित कृषि संकल्प अभियान, तिथि तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

- कृषि, बागवानी, पशुपालन और मत्स्य पालन विभागों के अधिकारियों की बनाई गई टीम

छत्तीसगढ़ में किसानों को जागरूक करने कृषि वैज्ञानिक खेतों में पहुंचेंगे। इसके लिए 29 मई से 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान चलेगा। छत्तीसगढ़ में यह अभियान सभी विकासखंडों में चलाया जाएगा, जिसका समन्वय आईसीएआर-राष्ट्रीय जैविक तनाव प्रबंधन संस्थान (एनआईबीएसएम), रायपुर द्वारा किया जाएगा।

आ ई सी ए आ र - एनआईबीएसएम के निदेशक डॉ. पीके राय ने बताया कि आईसीएआर-एनआईबीएसएम और कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) के वैज्ञानिकों के साथ-साथ कृषि, बागवानी, पशुपालन और मत्स्य पालन विभागों के अधिकारियों को शामिल करते हुए संयुक्त टीमें बनाई गई हैं। इसके अलावा, जनप्रतिनिधि और प्रगतिशील किसान भी क्षेत्र स्तर की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेंगे।

डॉ. राय ने किसानों की सहभागिता और पहुंच बढ़ाने के लिए आईसीटी उपकरणों और दृश्य मीडिया का लाभ उठाने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने जोर देकर कहा कि वीकेएसए एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य आधुनिक और वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाना है। उन्होंने सभी किसानों से अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने और बेहतर उत्पादकता के लिए नवीन तकनीकों को अपनाने का आग्रह किया।

छत्तीसगढ़ में अभियान के दौरान, फील्ड टीमें किसानों के साथ वैज्ञानिक बातचीत को सुविधाजनक बनाने के लिए प्रतिदिन 2 से 3 चयनित ग्राम पंचायतों का दौरा करेंगी। अभियान के मुख्य फोकस क्षेत्रों में धान की सीधी बुवाई, कीटनाशक के इस्तेमाल के लिए ड्रोन का इस्तेमाल, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना, उन्नत बीजों की किस्मों का प्रचार-प्रसार, उर्वरकों का संतुलित उपयोग और कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में राज्य प्रायोजित योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना शामिल है।

इन प्रत्यक्ष संलग्नताओं से किसानों के समक्ष आने वाली जमीनी चुनौतियों की पहचान करने, नवीन पद्धतियों का दस्तावेजीकरण करने तथा भविष्य के अनुसंधान, तकनीकी प्रगति और नीति विकास के लिए मूल्यवान जानकारी उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

एक सहयोगात्मक राष्ट्रीय प्रयास के हिस्से के रूप में, केंद्र सरकार राज्य सरकारों के साथ मिलकर कृषि वैज्ञानिकों, कृषि अधिकारियों, प्रगतिशील किसानों और अन्य हितधारकों से मिलकर 2,000 से अधिक बहु-विषयक टीमों को तैनात करेगी। प्रत्येक टीम प्रतिदिन तीन किसान संवाद बैठकें आयोजित करेगी, जिसका लक्ष्य प्रतिदिन 10-12 लाख किसानों तक पहुंचाना तय किया गया है।

खाद्य प्रसंस्करण उद्यम स्थापित करने मिलेगा ऋण, उद्योग विभाग ने मंगाए आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना (FMFME) अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण उद्यम स्थापित करने के लिये इच्छुक व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाना है। ऋण हेतु आवेदन जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र में आवेदन जमा कर सकते हैं।

नवीन या विद्यमान माईक्रो फूड प्रोसेसिंग उद्यमों यथा मसाला उद्योग, मुरमरा (मुरी), पोहा, मिनी राईस मिल, राइस मिल, आटा चक्की, पशु आहार उद्योग, दलिया, बेकरी उत्पाद, आचार, पापड, नमकीन, भुजिया, चिप्स, मिष्ठान निर्माण, जैम जैली, जूस एवं पल्प तथा अन्य फल एवं सब्जी प्रसंस्करण उद्योग इत्यादि को ऋण सहायता राष्ट्रीयकृत बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराई जायेगी। योजना में प्रोजेक्ट लागत के 35 प्रतिशत पर क्रेडिट लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी का प्रावधान है। अधिकतम सब्सिडी 10 लाख तक प्रति उद्यम है। आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए तथा इसके लिए कोई न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निर्धारित नहीं है।

आवेदन करने के लिए कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, संयुक्त जिला कार्यालय भवन, कक्ष क्रमांक 63-71 में संपर्क कर सकते हैं। योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए जितेन्द्र धिरही, प्रबंधक, प्रमोद कुमार टण्डन प्रबंधक एवं दीपक कुमार सोनी सहायक प्रबंधक संपर्क कर सकते है।

देवी अहिल्या बाई होलकर जयंती पर नगर में की गई साफ-सफाई

खरोरा। देवी अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती पर प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में राज्य शासन की मंशानुसार 21 से 31 मई तक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किये जाने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत नगर पंचायत खरोरा में बुधवार सुबह 9 बजे वार्ड क्रमांक 3 करियादामा चौक में धार्मिक महत्व के स्थानों एवं आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता अनिल सोनी, उपाध्यक्ष सुमित सेन, पार्षद राहुल मरकाम, हेमंत देवांगन, शेखर देवांगन, तामेश्वर मरकाम, पूर्णेन्द्र उपाध्याय, राकेश देवांगन नगर पंचायत के स्वच्छता दीदी मुख्य नगर पालिका अधिकारी, उप अभियंता तथा सफाई कर्मचारी सफाई उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन हुआ।

एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र बेमेतरा जिला के अंतर्गत नांदघाट में एजेंसी देना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय, बेमेतरा
रायपुर रोड चाचा प्रॉपर्टी के पास
मो. 8319154342
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 8224868411